कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0प्र0,
संख्या–अति–3/06/आर.ओ./ए.आर.ओ.(पी)/2017–18
इलाहाबाद : दिनांक 14 दिसम्बर, 2018

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

आयोग के विज्ञापन सं0––ए–4/ई–1/2017 दिनांक 30–12–2017 के क्रम में सर्वधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (सामान्य चयन एवं विशेष चयन /बैकलाग) (प्रा0) परीक्षा–2017, जो आयोग द्वारा दिनांक 08–04–2018 को आयोजित की गयी थी, में कुल 533447 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया था जिसमें कुल 339632 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। उक्त परीक्षा का परिणाम आज दिनांक 14–12–2018 को घोषित कर दिया गया है, जिसमें कुल – 15342 अभ्यर्थी आयोग द्वारा सफल घोषित किये गये है । परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट **"<u>http://uppsc.up.nic.in</u>** पर तथा आयोग कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध हैं। परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं श्रेणीवार कट ऑफ प्राप्तांक आयोग की वेबसाइट पर शीघ्र उपलब्ध करा दिये जायेगें, तथा इस संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत पृथक से प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। प्रश्नगत परीक्षा के दोनों प्रश्न–पत्रों की उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।

मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र का विकल्प आदि कार्यवाही के सम्बन्ध में आयोग कार्यालय द्वारा विस्तृत विज्ञप्ति अलग से जारी की जायेगी ।

(जगदीश)
सचिव।